प्रेस नोट ***03/04/2025***

विदेश भेजने के नाम पर आनलाइन की गयी साइबर फ्रॉड की कुल धनराशि 50000 रुपये थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए विदेश भेजने के नाम पर आनलाइन की गयी साइबर फ्रॉड, पीडित शाह फहद निवासी ग्राम हालिमाबाद थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ के 25,000 रुपये व पीडित फैसल शेख निवासी ग्राम हालिमाबाद थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ के 25,000 रुपये दो आवेदको के कुल धनराशि 50,000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना मुहम्मदाबाद के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया । साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक श्री रविन्द्र नाथ राय, निरीक्षक अपराध, महिला आरक्षी प्रियंका मिश्रा, महिला आरक्षी शिवानी तिवारी थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ ।